Title: Regarding the Pachora-Jamner railway line conversion project

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): रेल मंत्रालय ने 2019-20 बजेट में पाचोरा-जामनेर नैरोगेज लाइन कंवर्जन तथा इस कवर्जन के साथ बोदवड़ स्टेशन तक एक्सटेंशन के लिये अनुमति प्रदान की है। हाल ही कोरोना महामारी के दौरान इस P-J शटल की ऑपरेशन रेलवे के दूसरी ट्रेंस जैसे बंद हुई थी और अभी तक P-J शटल ऑपरेशन शुरू करने की अनुमति मुंबई ज़ोन के कार्यालय से नहीं मिली । इस पाचोरा-जामनेर नैरो गेज कंवर्जन DPR का काम पूरा हुआ है और रेलवे बोर्ड के समक्ष पेंडिंग है। मैं इस पाचोरा-जामनेर नैरोगेज लाइन कंवर्जन तथा इस बोदवड स्टेशन तक एक्सटेंशन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के और इस प्रोजेक्ट को गति मिलने हेतु इसे प्रधान मंत्री गतिशक्ति योजना में शामिल करने के लिए माननीय रेलवे मंत्रीजी से निवेदन करती हूँ और जब तक यह कंवर्जन का काम पूरा हो रहा है तबतक P-J शटलकी ऑपरेशन तुरंत शुरू करने की मांग भी माननीय रेलवे मंत्री जी से करती हूँ । अजंता केव्स (Caves) जो विश्व पर्यटन केंद्र है जहाँ विश्व से बड़ी संख्या में पर्यटक हर साल आते है और इस बजट में पर्यटक अनुभव अजंता केव्स (Caves) जो कि जागतिक पर्यटन केंद्र संवर्धित करने के लिए प्रत्यक्ष कनेक्टिविटी को विकसित करने का सरकार ने सुनिश्चित किया है। इस कंवर्जन से पहुँच ब्रांच लाइन बना के अजंता केव्स (Caves) को आसानी से जोड़ा जा सकता है जिसके चलते इस कंवर्जन व् बोदवड एक्सटेंशन से एक पर्यटन स्थल के जुड़ने से पर्यटकों के भी यात्रा में भी सुविधा व सुरक्षा होगी और रेल को आर्थिक लाभ भी होगा इसलिये इस प्रोजेक्ट में इस ब्रांचलाइन को भी माननीय रेलवे मंत्री जी से अनुमति प्रदान करने की मांग करती हूँ ।